# जल संचयन के लिए किया जागरूक

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के पर्यावरण क्लब और ऊर्जा संरक्षण क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन डॉ. पूनम आनन्द और श्रीमती किरण आनन्द के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने जल संरक्षण व वर्षा जल के संचयन को पर्यावरण व धरती के लिए अनिवार्य मानते हुए कार्यशाला के आयोजन को आज के समय की आवश्यकता बताया। 60 धरतीमित्रों ने इस कार्यशाला में प्रतिभागिता कर PPT के माध्यम से जल संकट व वर्तमान जल स्थिति को समझते हुए प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। इन धरतीमित्रों को वर्षा के पानी को संचित करने की सरल विधियों से अवगत करवाया गया। कार्यशाला में डॉ. रेखा रानी, डॉ. नेहा बतरा, मानसी ने सक्रिय भूमिका निभाई।